Need to expedite completion of Parvan River Multipurpose Project in Rajasthan

श्री दुष्यंत सिंह **(झालावाड़-बारां)** : सभापति जी, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बात करने के लिए समय दिया, इसके लिए धन्यवाद । झालावाड़-बारां के क्षेत्र में और कोटा के क्षेत्र में परवन-अकावद वाटर प्रोजेक्ट है । इस प्रोजेक्ट के फेज-1 का 53 परसेंट काम हो चुका है । फेज-2 का 81 परसेंट काम हो चुका है । यह लगभग 140 किलोमीटर लाँग पाइपलाइन है, जहां से लोगों को इस परियोजना के माध्यम से 462 एमसीएम का लगभग 50 परसेंट पानी मिलेगा । 79 परसेंट एमसीएम से इंडस्ट्रीज को लाभ होगा । हमारे किसानों के खेत में 317 एमसीएम का पानी पहुंचेगा । फेज-1 का काम बहुत धीमा चल रहा है । मैं आपसे आग्रह करूंगा कि केंद्र सरकार के मंत्री आदरणीय पाटिल साहब, आपके द्वारा व राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार आ चुकी है । कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में काम नहीं हो सका । वर्तमान सरकार इसके लिए कोशिश कर रही है । मैं आपसे आग्रह करता हूं कि प्रधान मंत्री जी व सीआर पाटिल जी के कर-कमलों के द्वारा हमारे क्षेत्र को स्वच्छ जल मिले, जिसमें झालावाड़-बारां के साथ-साथ कोटा के क्षेत्र को भी स्वच्छ जल मिले और किसान के खेतों में हरियाली का मौसम आए, हर खेत में पानी पहुंचे । इसके लिए हम वचनबद्ध हैं । आपका प्रयास, केंद्र सरकार का प्रयास इसके लिए बहुत जरूरी है । धन्यवाद ।